प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए राष्ट्रीय जल पुरस्कार, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, राहे ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय श्रेणी में संयुक्त रूप से प्राप्त किया तीसरा स्थान।
- 22 नवंबर को होने वाले विधानसभा स्थापना दिवस समारोह की तैयारी तेज, स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा– दिखेगी झारखंडी संस्कृति और परंपरा की झलक।
- झारखंड विधानसभा का कार्य संचालन अब नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन के जरिये होगा, राज्य के पांच अधिकारियों ने पूरा संसदीय कार्य मंत्रालय का विशेष प्रशिक्षण।
- सउदी अरब में बस दुर्घटना में 42 भारतीय हज यात्रियों की मौत से झारखंड भी मर्माहत, अल्पसंख्यक आयोग ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने का किया आग्रह।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गिरिडीह में निकाली गयी पदयात्रा, सांसद ने लोगों को दिलायी एकता की शपथ।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किये। नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में 10 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने जल संचयन पर जोर दिया।

राष्ट्रपति के हाथों झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे भी सम्मानित हुआ। इस विद्यालय ने जल शक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की श्रेणी में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

****

झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस समारोह 22 नवंबर को मनाया जायेगा। समारोह में अन्य लोगों के अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि समारोह में झारखंड की परंपरा और

संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

****

अब नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन– नेवा से झारखंड विधानसभा का कार्य संचालन होगा। नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संसद भवन में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड विधान सभा के पांच अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन केन्द्र सरकार की एक मिशन–मोड परियोजना है जिसका उद्देश्य राज्य विधानसभाओं और विधायी निकायों को कागजरहित और डिजिटल बनाना है।

****

गिरिडीह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की पहल तेज कर दी गयी है।

****

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में 19 नवंबर को होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इस समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष समारोह में कुल 1068 छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी, जिनमें से 713 छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। 25 को स्वर्ण पदक और 17 रैंक होल्डर्स को विशेष सम्मान मिलेगा।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

सऊदी अरब में उमराह ज़ायरीन की बस दुर्घटना में 42 भारतीयों की मौत पर झारखंड में भी शोक व्याप्त है। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने इस हृदयविदारक हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि उमराह के लिए गए लोगों का इस तरह हादसे का शिकार हो जाना पूरे समुदाय के लिए एक बड़ा सदमा है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

****

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गिरिडीह में आज एकता पदयात्रा निकाली गई। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने एकता पदयात्रा को रवाना किया और उपस्थित लोगों को एकता की शपथ दिलायी। गिरिडीह झंडा मैदान से निकाली गई पदयात्रा टावर चौक काली बाड़ी होते हुए शहर के प्रमुख पथों से गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। सांसद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए नशा मुक्त समाज का निर्माण जरूरी है।

****

राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह गिरावट के साथ खुले। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 131 अंक गिरकर 84 हजार 820 पर और निफ्टी 57 अंक गिरकर 25 हजार 957 पर आ गया था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 15 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 64 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रणजी ट्रॉफी में आंध्र प्रदेश ने झारखंड के खिलाफ तीसरे दिन लंच तक पहली पारी में 45 रन की बढ़त बना ली है। झारखंड के पहली पारी में 328 रन के विरुद्ध आंध्र प्रदेश ने चार विकेट के नुकसान पर 373 रन बना लिए हैं।

*******समाप्त*************